उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार
पिन कोड–249404

संख्या :: 164/07/E-2/DR/JW / 2022–23 दिनाँक : 29 दिसम्बर, 2022

विज्ञप्ति / शुद्धि–पत्र
जेल बन्दीरक्षक परीक्षा–2022

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **जेल बन्दीरक्षक परीक्षा–2022** के अन्तर्गत **जेल बन्दीरक्षक एवं महिला जेल बंदीरक्षक के पदों पर** सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु विज्ञापन संख्या–**07/E-2/DR/JW/2022-23** दिनाँक 15 नवम्बर, 2022 को प्रकाशित किया गया था।

2–शासन के पत्र संख्या–1418/XX-2/2022-1(37)2007, दिनाँक 05 दिसम्बर, 2022 द्वारा **रिजर्व बंदीरक्षक** के 47 पदों पर सीधी भर्ती हेतु अधियाचन उपलब्ध कराया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

रिजर्व बंदीरक्षक, कारागार विभाग		
कुल पदों की संख्या	–	47
पद का स्वरूप	–	समूह 'ग' अराजपत्रित / स्थायी / अंशदायी पेंशनयुक्त
वेतनमान	–	रू0 21700–69100 (लेवल–03)
शैक्षिक अर्हता	–	1. विद्यालय शिक्षा परिषद उत्तराखण्ड से इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष घोषित परीक्षा उत्तीर्ण हो। 2. देवनागरी लिपि में हिन्दी का कार्यकारी ज्ञान हो;
अधिमानी अर्हता	–	(1) प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या (2) नेशनल कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।
आयु, शारीरिक मापदण्ड तथा अन्य समस्त अर्हताएं व शर्ते दिनांक 15.11.2022 को प्रकाशित विज्ञापन में विज्ञापित जेल बन्दीरक्षक पद के समान है।		

क्षैतिज आरक्षण का विवरण :–

क्र0सं0	विभाग	पदनाम	कुल रिक्त पद	ऊर्ध्व श्रेणीवार पदों का विवरण					क्षैतिज श्रेणीवार पदों का विवरण
				सामान्य	अनु0 जाति	अनु0 जन जाति	अ0पि0 वर्ग	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	
01	कारागार विभाग	रिजर्व बंदीरक्षक	47	24	09	02	07	05	1.पूर्व सैनिक–01 2.राजकीय गृह में निवासरत अनाथ बच्चों हेतु–01

नोटः– (1) कारागार विभाग एक प्रशासनिक संस्थान होने के कारण दिव्यांगजनों के क्षैतिज आरक्षण की गणना नहीं की गयी है, एवं शासनादेश संख्या–163 / XVII A3 / 2021–01(11) / वि0क0 / 2017, दिनांक 30 दिसम्बर, 2021 द्वारा रिजर्व बन्दीरक्षक का पद दिव्यांगता की किसी भी श्रेणी हेतु चिन्हित नहीं है।

(2) रिजर्व बन्दीरक्षक पद हेतु केवल पुरूष अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।

3–उपरोक्त 47 पदों को विज्ञापन संख्या–**07/E-2/DR/JW/2022-23** में सम्मिलित करते हुए ऑनलाईन आवेदन का लिंक आयोग की वेबसाइट www. psc.uk.gov.in पर पुनः खोला जा रहा है। **जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन किया गया है उन्हें रिजर्व बन्दीरक्षक पद हेतु पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। पूर्व में किया गया आवेदन ही रिजर्व बन्दीरक्षक पद हेतु स्वतः मान्य हो जायेगा।**

4–ऑनलाईन आवेदन सम्बन्धी महत्वपूर्ण तिथियॉ निम्नवत् हैं :–

ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने की प्रारम्भिक तिथि	**29 दिसम्बर, 2022**
ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने की अन्तिम तिथि	**18 जनवरी, 2023**

उक्त के अतिरिक्त विज्ञापन संख्या–07/E-2/DR/JW/2022-23, दिनांक 15 नवम्बर, 2022 की शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

-S/d-
(जी0एस0 रावत)
सचिव।